# घर बैठे बेचा 1350 किलो शुद्ध घी

## महिला दिवस पर विशेष

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामीण होम स्टे योजना ने ग्रामीणों के लिए स्वरोजगार के रास्ते खोल दिए हैं। इसका फायदा महिलाओं को भी मिल रहा है। होम स्टे संचालन में महिलओं को पूरा योगदान है और पर्यटन ग्राम सावरवानी में महिलाएं शुद्ध देशी घी बेचकर हजारों रूपए कमा रही हैं। बीते दो सालों में सावरवानी में पर्यटकों को एक हजार तीन सौ पचास किलो घी बेचा जा चुका है, जिससे गांव में करीबन 11 लाख रूपए की आमदनी हुई है। यहां की महिलाएं अपने घर के आंगन में उगाए गए पपीते, खेतों में उगी सब्जियां और दाल बेचकर आत्मनिर्भर बनीं हुई हैं।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए छिंदवाड़ा के सभी पर्यटन ग्रामों में महिला आत्मनिर्भरता के बेहतरीन उदाहरण देखने को मिल रहे हैं। सावरवानी में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती हैं और पर्यटकों को दी जाने वाली सारी सुविधाओं, ग्राम की सफाई में भी उनका योगदान रहता है।

यहां महिलाओं ने एक नया कीर्तिमान शुद्ध देशी घी बेचकर रचा है। सावरवानी में महिलाएं सुबह-सुबह दूध से मख्खन निकालकर और मख्खन से घी निकालने का कार्य करतीं हैं। घर के आंगन में बिल्कुल देसी अंदाज में पर्यटकों के सामने ही घी निकाला जाता है और कई बार पर्यटक भी इस प्रक्रिया का आनंद उठाते हैं। सावरवानी के घी की धूम देश-विदेश में है, जिसका उदाहरण यहां हुई घी की बिक्री है।



### सावरवानी की महिलाओं ने कमाए दो साल में 11 लाख रुपए

बीते दो सालों में चंद्रा बाई, शांति बाई, शारदा बाई, सरस्वती बाई, सिमिया बाई, राधा बाई, कला बाई ने पर्यटकों को एक हजार तीन सौ पचास किलो घी बेचा है, यह अपने आप में एक अनूठा रिकार्ड है। आठ सौ रूपए प्रतिकिलो के मान से बिके घी की कुल कीमत 1 लाख 80 हजार रूपए होती है। देश व प्रदेश से पर्यटन ग्राम सावरवानी घूमने आए कई आई.ए.एस. अधिकारी, दिल्ली-चंडीगढ़, महाराष्ट्र-गुजरात के व्यापारियों के साथ यहां आने वाले नौकरीपेशा पर्यटक खाने में घी मिलने पर इसके स्वाद को भूल नहीं पाए और कुछ मर्तबा ऐसा भी हुआ कि गांव में जितना भी घी था, पूरा ही खरीद कर ले गए।

इसी से यहां घी की बिक्री का रिकार्ड बन गया है। इसके अलावा सावरवानी आने वाले पर्यटक यहां से घर के आंगन में उगाए गए पपीते और सब्जियांए लकड़ी के खिलौने भी खरीद कर जाते हैं, जो महिलाओं की देखरेख में उगाए व बनाए जाते हैं। यहां उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि छिंदवाड़ा के पर्यटन ग्राम सावरवानी, चिमटीपुर, घटलिंगा में शत-प्रतिशत व अन्य गांवों सहित अधिकांश होम स्टे का रजिस्ट्रेशन महिलाओं के नाम पर किया गया है, जो महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़-चढ़कर कार्य कर रहीं हैं। सावरवानी में शुद्ध देशी घी की बिक्री करके महिलाओं को अपनी व परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है।

# 41 खंडपीठों का गठन किया, लोक अदालत आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा सुशांत हुद्दार साहब प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के कुशल नेतृत्व में 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, तामिया एवं हर्रई में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा।




भूपेश कुमार मिश्रा, न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा।

इसी प्रकार प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में धारा 138 एन.आई.एक्ट, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर तथा समस्त प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक एवं दीवानी प्रकरण का भी निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला एवं तहसील मुख्यालय में कुल 41 खण्डपीठों का गठन किया गया है। सरकार की मंशा है कि सभी को सस्ता और सुलभ न्याय प्राप्त हो सके इस हेतु नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है जिसमें दोनों पक्षकारों की सहमति से प्रकरणों को रखा जाता है और उन्हें लोक अदालतों के माध्यम से जल्द ही न्याय मिल जाता है।

इसी कड़ी में आज नेशनल लोक अदालत का सभी तहसील एवं खंड पीठों में आयोजन किया गया है जहां पक्षकारो को एक बार फिर सस्ता और जल्दी न्याय प्राप्त हो सकेगा।

## सार समाचार

### प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रहीं छात्राओं के लिए प्रेरक व्याख्यान आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में प्राचार्य डॉ. अनिता कौशल के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। इस अवसर पर म.प्र. लोक सेवा आयोग 2022 की परीक्षा में परिवहन उपनिरीक्षक के पद पर चयनित आदित्य मिश्रा के द्वारा सिविल सेवा की परीक्षा की तैयारी के लिये विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रारम्भिक, मुख्य, साक्षात्कार तीनों स्तर पर पाठ्यकम संदर्भित पुस्तकें निरंतर अभ्यास के लिये छात्राओं को प्रेरित किया। छात्राओं के साथ संवाद में उनके प्रश्नों का समाधान किया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ प्रभारी बिंदिया महोबिया ने भी छात्राओं को शुभकामनायें दी। मंच संचालन पलाश तिवारी द्वारा किया गया। प्रकोष्ठ सदस्य डॉ. संकेत चौकसे, डॉ. राजीव सिंह एवं बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित रहीं।

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक कल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली एवं उपाध्यक्ष के.एस. सेंगर ने बताया कि कल 9 मार्च 2025 दिन रविवार दोपहर 11:30 बजे स्थान जनसेवा सदन भवन शिवनगर कॉलोनी पुराना पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के आगे मासिक बैठक आहूत की गयी है। जिन सदस्यों ने एसोसिएशन की वर्ष 2025 की सदस्यता ग्रहण नहीं की है वे 120 रूपये वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा कराने का अनुरोध है साथ ही 18 मार्च 2025 को प्रांतीय आव्हान पर मुख्यमंत्री को ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से सौंपने की रूपरेखा बनाई जायेगी। अत: सभी पेंशनरों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के लिये जागरूकता का परिचय दें।

### राजीव कांग्रेस भवन में महिला दिवस पर कार्यक्रम आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में वर्तमान सरकार में बढ़ते महिला अपराध व उत्पीड़न पर चर्चा की जाएगी साथ ही उपस्थित महिलाएं अपना विचार प्रगट करेंगी। शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपा यादव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर महिला कांग्रेस के द्वारा मातृशक्ति के सम्मान में आज 8 मार्च 2025 दिन शनिवार को दोपहर 2:00 बजे राजीव कांग्रेस भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में समस्त मातृशक्ति को आमंत्रित किया है।

### रेत-गिट्टी के अवैध परिवहन पर दो डंपर व एक टिप्पर जब्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में खनिज विभाग छिन्दवाड़ा द्वारा कार्यवाही करते हुये खनिज रेत का अवैध परिवहन करने से एक ट्रैक्टर को लावाघोघरी से जप्त कर थाना लावाघोघरी की अभिरक्षा में खड़ा किया गया। इसी प्रकार उमरानाला में रेत का अवैध परिवहन करने से दो डंपर को जप्त कर थाना मोहखेड़ में खड़ा किया गया एवं एक ट्रैक्टर को अवैध रेत का परिवहन करने से चंदनगांव से जप्त कर थाना कोतवाली में खड़ा किया गया। साथ ही गिट्टी का अवैध परिवहन करने से एक टिप्पर को जप्त कर सावरी चौकी में एवं एक ट्रैक्टर को लिंगा से जप्त कर कोतवाली थाना में खड़ा किया गया।

# आज महिला दिवस पर भाजपा कार्यालय में आयोजित किया जाएगा सम्मान समारोह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चे के द्वारा भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में भारतीय जनता पार्टी के जिला छिंदवाड़ा पांढुर्णा के सांसद विवेक बंटी साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के शुभंकर जिला अध्यक्ष शेषराव यादव की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चे के द्वारा भारतीय जनता पार्टी की समस्त कार्यकर्ता बहनों का एवं जनप्रतिनिधि बहनों का भाजपा कार्यालय में स्वागत एवं सम्मान का कार्यक्रम 8 तारीख को भाजपा कार्यालय सुबह 12.00 बजे रखा गया है।

इस कार्यक्रम की अध्यक्ष गरिमा दामोदर ने बताया कि इस कार्यक्रम में छिंदवाड़ा जिले की सभी मंडलों से हमारे कार्यकर्ता बहने उपस्थित होगी एवं हमारी पंच, सरपंच, नगर पालिका की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर निगम की पार्षद, नगर पालिकाओं की पार्षद एवं हमारी समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा जहां सभी की उपस्थिति की अपील की गई है।

# मंगल कलश स्थापना से अष्टानिका महापर्व शुरू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** फाल्गुन शुक्ल अष्टमी के शुभ दिन से फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तक चलने वाले जैन दर्शन के अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका का मंगलमय शुभारंभ मंगल कलश स्थापना कर किया गया।

इस अवसर पर नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवकों ने प्रात:काल की मंगल बेला पर श्रीजी का मंगल प्रक्षालन कर अपने कर कमलों को धन्य किया पश्चात सभी ने श्री जिनेन्द्र पूजन के माध्यम से वीतरागी-देव-शास्त्र-गुरु भगवन्तों की मंगल आराधना की।



फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि सामूहिक पूजन के पश्चात विधि विधान पूर्वक सौभाग्यशाली महिलाओं ने मंगल कलश की स्थापना की ओर तीर्थधाम मंगलायत अलीगढ़ से पधारे पंडित अशोक लुहाड़िया, पंडित समकित शास्त्री एवं पंडित ऋषभ शास्त्री छिंदवाड़ा के निर्देशन में श्री नंदीश्वर दीप पूजन कर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का मंगलमय शुभारंभ किया।

विधान के पश्चात पंडित श्री अशोक कुमार लुहाडि़या एवं पंडित श्री समकित शास्त्री के श्रीमुख से मां जिनवाणी का रसास्वादन कर अष्टान्हिका महापर्व के साथ जैन दर्शन का महत्व जाना।

# छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजामाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के ईको क्लब द्वारा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कौशल के निर्देशन एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ. नीलिमा बागडे के मार्गदर्शन में पर्यावरण जीवन शैली प्रदर्शन के तहत नुक्कड़ नाटक वो फिर आएगी का मंचन महाविद्यालय के सभागार में किया गया।



नाट्य गंगा के निर्देशक व कलाकार सचिन वर्मा और उनकी टीम के साथ महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु मिशन लाइफ यानि दैनिक जीवन में प्रात विस्तर से उठने के उपरांत रात्रि सोने तक अपने कार्बन फुटप्रिंट का ध्यान रखना है, बातावरण में कम से कम कार्बन का उत्सर्जन करना है और अपने लालच पर नियंत्रण रखना है।

यह सदेश नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभागार में उपस्थित समस्त दर्शक दीर्घा को प्रदान किया गया। सभी ने हास्य पुट के साथ इस नाटक का आनंद लिया और पर्यावरण संरक्षण करने हेतु हरित प्रतिज्ञा ली। समस्त कलाकारों कौं ईको क्लब हरित कीट प्रदान की गई एवं राष्ट्रगान के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यकम का संचालन नीता वर्मा एवं अभार श्रीमती हर्षा कटारे द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. उषा भारती, डॉ. श्रीपाद अरोणकर, डॉ. सुरेशप्रसाद अहिरवार एवं समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाप के साथ बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता दी।

# रैली निकाली, ज्ञापन सौंपा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर श्री योग वेदान्त सेवा समिति की महिलाओं एवं साधकों ने रेली निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष डॉ. मीरा पराड़कर ने बताया कि संत श्री आशारामजी बापू विगत 13 वर्षों से जयपुर जेल में अवरुद्ध है और उनकी याचिका हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। एक बच्ची के आरोप पर जिसके की पर्याप्त साक्ष्य नहीं है फिर भी यायालय ने उन्हें दोषी करार कर दिया जबकि लाखों महिलाएँ बापूजी से दीक्षित है उन्होंने हमेशा हमें संयमी जीवन एवं नैतिकता का आचरण करते हुये समाज में व्यवहार करने की शिक्षा दी है।



पूज्य बापूजी ने हमेशा सनातन सांस्कृतिक के प्रचार-प्रसार हेतु अपना पूरा जीवन लगा दिया और लाखों लोगों को व्यसन से मुक्त कराकर सम्मानपूर्ण जीवन जीने की कला सिखायी पूज्य बापूजी ने 25 दिसम्बर को तुलसी पूजा दिवस एवं 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस मनवाकर सनातन संस्कृति की रक्षा किया एवं भाई बहनों एवं बच्चों में अच्छे आचरण डालने के लिये प्रेरित किया।

योग वेदांत समिति की महिलाओं ने निर्दोष वयोवृद्ध संत की सुनवाई करके यथाशीघ्र रिहा करने की मांग की है कार्यक्रम में श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई, खजरी आश्रम के संचालक जय राम भाई, गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर, महिला आश्रम की संचालिका साध्वी नीलू बहन, लिंगा आश्रम की संचालिका साध्वी प्रतिमा बहन, साध्वी रेखा बहन, महिला समिति की अध्यक्ष डॉ. मीरा पराड़कर युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक दोयफोफे, मीडिया प्रभारी सुजीत सूर्यवंशी, महेश चुगलानी समस्त महिला मंडल एवं समस्त साधक परिवार एवं श्री योग वेदांत सेवा महिला अपने विचार भी रखे।

# साइबर ठगी कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** थाना देहात पुलिस द्वारा सायबर ठगी कर आत्महत्या हेतु उत्प्रेरित करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। जानकारी देते हुए देहात थाना प्रभारी जी.एस. राजपूत ने बताया कि लम्बे समय से सायबर ठगी की शिकायतें प्राप्त हो रही थी फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन एक टीम बनाकर सूक्ष्मता से तफ्तीश की गई जहां मोबाइल नम्बरों के आधार सायबर सेल के सहायता से आरोपियों गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।



घटना के संबंध में बताया जाता है क इस प्रकार है कि 19 नवम्बन 2024 को मृतक वामनराव पिता बारिक राव माहोरे उम्र 75 वर्ष साकिन प्रियदर्शनी कॉलोनी की जहर सेवन से मृत्यु होने की सूचना प्राप्त होने पर मृतक की मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग क्र.- 98/24 धारा 194 बी.एन.एस.एस. का कायम कर जांच में लिया गया, इस दौरान जांच साक्ष्यों के आधार पर मोबाइल नंबर- 919109179453, 917576909168 के अज्ञात सिम धारक द्वारा मृतक स्व. वामनराव माहोरे का फर्जी तरीके से अश्लील गतिविधियों में दिखाकर पैसों की मांग कर रूपये 95500/- रूपये ठगी एवं मोबाइल नंबर- 919109179453, 917576909168 के द्वारा फर्जी अश्लील गतिविधियों में शामिल होने एवं उसे यू ट्यूब पर अपलोड करने की धमकी देकर अत्यधिक प्रताड़ित कर पैसे मांगना और लगातार पैसों की मांग कर प्रताड़ित करने के कारण मृतक वामनराव द्वारा आत्महत्या करना पाया गया।

प्रकरण में आरोपी मो.न. 9109179453, 7576909168 के धारक द्वारा धारा 66 बी., 67 आई.टी. एक्ट धारा 308 (2), 108 बी.एन.एस. का अपराध घटित करना पाए जाने से अप.क्र. 549/24 कायम कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान विवेचना के उक्त मो.न. की जानकारी सायबर सैल से प्राप्त की गई।

मामले के आरोपी हरियाणा, राजस्थान, बिहार के राष्ट्रीय स्तर के ठग गिरोह का होने से मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा एवं थाना प्रभारी देहात के निर्देशन में टीम गठित की गई। तकनीकी अनुसंधान कर आरोपी का मो.न. ट्रैक कर टीम को हरियाणा रवाना किया गया।

टीम द्वारा लगातार अथक प्रयास कर आरोपी मोहम्मद युसूफ पिता कासम खान उम्र 26 साल निवासी पलवल हरियाणा एवं मन्नान पिता मोहम्मद हाकम उम्र 26 साल साकिन ग्राम उटावर जिला पलवल हरियाणा को पकडा गया। जिसे थाना देहात लेकर आया गया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया एवं घटना में प्रयुक्त 03 मोबाइल पेश किए जिन्हें जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपीगणों को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

निरीक्षक जी.एस. राजपूत थाना प्रभारी देहात, उ.नि. वर्षा सिंह, स.उ.नि. रुपेश यादव, सायबर सैल आर. 98 रवि ठाकुर सायबर सेल आर. 485 अंकित शर्मा, आर-891 ओमनरेश बघेल, आर. 836 उमेश उइके, आर. 513 गजानंद मर्रापे, आर 640 महेश रघुवंशी थाना देहात की विशेष भूमिका रही।

# सिंचाई को दस घंटे दें बिजली : केएल वर्मा

## मुख्य अभियंता जबलपुर ने की केंद्रवार वितरण प्रगति की समीक्षा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्य अभियन्ता जबलपुर के.एल. वर्मा द्वारा गत दिवस प्रशासनिक भवन परिसर स्थित मीटिंग हॉल में संचा/संधा वृत्त छिन्दवाड़ा के वितरण केन्द्रवार समीक्षा बैठक की एवं निर्देशित किया गया की सभी अधिकारी उपभोक्ताओं के फोन कॉल अटेण्ड करें, कॉल बैक करें एवं प्रत्येक मंगलवार को वितरण केन्द्र के गांवों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित कर शिकायतों/ समस्याओं का निराकरण करने के साथ उपभोक्ताओं को सिंचाई फीडर पर 10 घंटे एवं घरेलू फीडर पर 24 घंटे विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करें।

वर्तमान में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम माह मार्च 2025 चल रहा है, जिसमें कि कंपनी द्वारा दिये गये राजस्व लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जायेगा। इसके लिये कंपनी का प्रत्येक कर्मचारी अपने कर्तव्य का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एवं तत्परता से करें। सभी बकायादार उपभोक्ताओं से संपर्क कर राजस्व वसूली के लिये दिये गये लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करें।

इसके लिये प्रभावी लाईन विच्छेदन एवं कुर्की आदि की कार्यवाही करें। सभी शासकीय विभागों से संपर्क कर विद्युत बिल की बकाया राशि किसी भी परिस्थिति में जमा कराये। फोन कर सभी बकायादारों से बात करें व बकाया विद्युत बिल की राशि जमा करायें। इसके साथ ही राजस्व वसूली की दिन-प्रतिदिन समीक्षा भी की जाये।

मुख्य अभियन्ता जबलपुर श्री वर्मा द्वारा कनिष्ठ अभियन्ताओं से वितरण केन्द्रवार समीक्षा करते हुए बिलिंग दक्षता, राजस्व संग्रहण दक्षता, सी.आर.पी.यू. में वृद्धि एवं कलेक्शन ग्रोथ एवं डिमाण्ड में वृद्धि करने एवं नवीन विद्युत कनेक्शन समय पर जारी करने के निर्देश दिये गये।

मुख्य अभियन्ता जबलपुर श्री वर्मा द्वारा गत वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए जिन वितरण केन्द्रों की प्रगति तुलनात्मक रूप से कम पाई गई उन्हें फटकार लगाते हुए मार्च माह में वितरण केन्द्र की कलेक्शन ग्रोथ 125 प्रतिशत, बिलिंग दक्षता में 5 प्रतिशत वृद्धि, राजस्व संग्रहण दक्षता को शत-प्रतिशत करने एवं लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के लिये निर्देश दिये एवं सचेत किया कि आगामी माह में लक्ष्य अनुरूप प्राप्ति न होने की स्थिति में निलंबन की कार्यवाही कर दी जायेगी की हिदायत भी समीक्षा के दौरान दी गई।

मुख्य अभियन्ता जबलपुर श्री वर्मा द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जो अधिकारी अच्छा कार्य करेंगे उन्हें सम्मानित भी किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह की तिथि बदलने पर कांग्रेस ने प्रशासन का पुतला फूंका



**परासिया, देशबन्धु।** जनपद पंचायत परासिया के माध्यम से 7 मार्च को होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह सम्मेलन की तारीख आगे बढ़ाकर 13 अप्रैल करने पर कांग्रेस ने विरोध में तहसील कार्यालय के सामने सड़क पर जिला प्रशासन का पुतला जलाया। इस अवसर पर कांग्रेस की ओर से विधायक सोहन वाल्मीकि ने अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी पुष्पेंद्र निगम को ज्ञापन दिया जिसमें कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन की सारी तैयारी कर ली गई थी। लेकिन प्रशासन की तानाशाही के कारण गत 4 मार्च को जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बिना कोई ठोस कारण बताए 7 मार्च की तिथि को बदलकर 13 अप्रैल को विवाह सम्मेलन करने का पत्र जारी किया, जो अनुचित है। विधायक ने यह भी कहा कि 7 मार्च को 400 जोड़ों का विवाह होना था। विवाह को लेकर कई लोगों ने कार्ड बांट दिए हैं और कन्याओं को हल्दी भी लग गई है। तारीख बदलकर लोगों के रीति रिवाज और भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया जो की निदनीय है। विधायक ने यह भी कहा कि 13 अप्रैल को सामूहिक कन्या विवाह का सम्मेलन शासकीय व्यवस्था के अनुरुप होना चाहिए। कार्यक्रम का अगर भाजपायीकरण किया गया तो फिर विवाद की स्थिति बनेगी। जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। ज्ञापन में विधायक ने यह भी लिखा है कि 13 अप्रैल को कांग्रेस जिला प्रशासन की तानाशाही का पुरजोर तरीके से विरोध प्रदर्शन और निंदा करेगी। इसके पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन के समीप स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाल कर जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष आशा आम्रवंशी, उपाध्यक्ष जमील खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय, उमरेठ ब्लॉक के अध्यक्ष मानक बेलवंशी, नगरीय निकायों के अध्यक्ष गोविंद बिजोलिया, भारत डेहरिया, अनुपमा राय के अलावा कई वर-वधु जिनका आज विवाह होना था उनके परिवार के सदस्य तथा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उईके द्वारा निक्षय मित्र के रूप में क्षय रोगियों को प्रदाय की गई फूड बास्केट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर राज्य की पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उईके द्वारा गत दिवस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आधार फाउंडेशन के महिला सम्मान समारोह में निक्षय मित्र के रूप में क्षय रोगियों को फूड बास्केट प्रदाय की गई। साथ ही उपस्थित समुदाय को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी देकर भारत को टीबी मुक्त बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने निक्षय मित्र बनकर जनभागीदारी से भारत को टीबी मुक्त बनाने की अपील भी की। कार्यक्रम में जिला क्षय केंद्र के एस.टी.एस. जय अहिरवार, टी बी एच व्ही पूर्णिमा परिहार व रानू वर्मा की सहभागिता रही।



### स्वर्गीय रमेश कुमरे को अर्जित अवकाश नकदीकरण की पात्रता नहीं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्रई द्वारा स्व. रमेश कुमरे के अर्जित अवकाश की राशि के भुगतान संबंधी प्रकरण एवं इस संबंध में प्रकाशित खबर पर वस्तुस्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि स्व. रमेश कुमरे आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी थे, जिसके कारण वे मध्यप्रदेश सिविल सेवा (अवकाश) नियम 1977 के तहत अवकाश नकदीकरण के पात्र नहीं हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, हर्रई द्वारा जारी पत्र में मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के 27 जून 1980 के पत्र का हवाला दिया गया है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि कार्यभारित एवं आकस्मिक व्यय से वेतन पाने वाले कर्मचारियों को अर्जित अवकाश के नकदीकरण की पात्रता प्राप्त नहीं होती। इसके साथ ही, मध्यप्रदेश सिविल सेवा (अवकाश) नियम 1977 के नियम- 7 (द) की उपधारा ((ii)) के तहत भी इस भुगतान को अस्वीकृत किए जाने का आधार बताया गया है।

### संत पुजारी संघ की होली पर्व को लेकर बैठक आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ के द्वारा बैठक आयोजित की गई होली महोत्सव के फूलों के रंगों की चौथा वर्ष है जिसमें जिला अध्यक्ष सुनील तिवारी, कौशल प्रभारी, मनीष तिवारी, राजेश द्विवेदी, अवधेश तिवारी, रामानी द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, राजू महाराज, मनोज मिश्रा, तरुण शर्मा, शिव शंकर मिश्रा, सुरेंद्र शर्मा, धनंजय शर्मा समस्त सदस्य के द्वारा निर्णय लिया गया की समस्त नागरिक एवं सभी लोग फूलों के रंगों की होली खेले यह निर्णय लिया गया जिसमें सभी से सहयोग करने की अपील की गई है। संत पुजारी संघ के सदस्यों का कहना है कि आजकल बाजार में जो रंग आ रहे है उसमें रसायन मिला हुआ होता है जिससे कि त्वचा को गंभीर नुकसान होता है इससे हमें बचना चाहिए।

# कलेक्टर ने सुगम्य भारत यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** न्यायालय आयुक्त नि:शक्तजन मध्यप्रदेश दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 82 (2) के तहत रिसोर्स सेन्टर के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला पांढुर्णा में दिव्यांग छात्र/छात्राओं के लिये सुगम्य भारत यात्रा- 2025 का शुभारंभ पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा द्वारा कलेक्टर परिसर में प्रात: 11:00 बजे हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पांढुर्णा प्रफुल्ल लवाहे एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पांढुर्णा एच.बी. हांडें उपस्थित थे। इसके बाद सुगम्य भारत यात्रा कार्यालय राजस्व अनुविभागीय अधिकारी पांढुर्णा, कार्यालय तहसील पांढुर्णा, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पांढुर्णा, लोक सेवा केन्द्र पांढुर्णा, जवाहर पार्क पांढुर्णा, कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका पांढुर्णा एवं शासकीय महाविद्यालय पांढुर्णा में दिव्यांग छात्र/छात्राओं को भ्रमण कराया गया।

# सांसद ने किया जन औषधि केंद्र का अवलोकन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सातवे जन औशधि दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला अस्पताल के गेट नम्बर 02 के पास स्थित जन औषधि केन्द्र का सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा अवलोकन किया गया। वहीं इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री साहू द्वारा कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का उद्देश्य आम जनता को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराना है।

उन्होंने दाम कम और दवाई उत्तम पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना के तहत जन औषधि केंद्रों की स्थापना की गई है, जहां जेनरिक दवाएं बाजार मूल्य से 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह योजना स्वस्थ भारत, सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रही है।



सांसद श्री साहू ने कहा कि हर साल 7 मार्च को जन औषधि दिवस मनाया जाता है, जिससे इस योजना के प्रति जागरूकता बढ़े और अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस वर्ष का जन औषधि दिवस खास है क्योंकि यह योजना अब लाखों लोगों की ज़रूरत बन चुकी है और स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। सांसद श्री साहू ने कहा कि सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना से मरीजों की चिकित्सा लागत में भारी कमी आई है। देशभर में हजारों जन औषधि केंद्र खुलने से युवाओं को व्यवसाय और रोजगार के अवसर भी मिले हैं।

इस अभियान से लोगों में जेनरिक दवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है और वे महंगी ब्रांडेड दवाओं की बजाय सस्ती लेकिन प्रभावी जेनरिक दवाएं खरीदने के लिए प्रेरित हुए हैं। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए बस की सुविधा की गई है। जिसका शुक्रवार को सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। उक्त बस का उपयोग दिव्यांगजनों को अस्पताल तक उपचार के लिए लाने के लिए किया जायेगा की बात कही गई।

# खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, 37 गैस सिलेंडर किए जब्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा कल शुक्रवार 7 मार्च 2025 को जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटलों की जांच की गई। कार्यवाही में 37 गैस सिलेंडर जप्त किए गए जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 1,21,648/- रूपये है।

जिला आपूर्ति अधिकारी गंगा कुमरे के निर्देशन में सहायक आपूर्ति अधिकारी राघवेंद्र सिंह लिल्हौरे, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चौरई रवि कुमार मुकाशी, जुन्नारदेव के रविन्द्र कुमरे, हर्रई के नागेश श्रीवास, परासिया के सुमित चौधरी एवं मोहखेड़ के आलोक काछी द्वारा कार्यवाहियां की गई।



खाद्य अधिकारी ने सभी होटल, ढाबो एवं कारोबारियों से अपील की है कि वे कर्मशियल सिलेण्डरों का उपयोग करें और खाद्य वस्तुओं में मिलावट न करें ताकि आम जनता को आपके द्वारा विक्रय की जा रही सामग्री से नुकसान न हो।

# रमजान के पहले जुमे पर इफ्तार



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु :** कल सात मार्च को रमजान का पहला जुम्मा पड़ा। इस अवसर पर रोजा इफ्तार का कार्यक्रम रिसाला मस्जिद ईद मिलादुन्नबी ग्राउंड छिंदवाड़ा में हुआ जहां रोजेदारों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर रोजा इफ्तार किया।

# यातायात और पुलिस विभाग की कार्रवाई में 56 हजार का जुर्माना वसूला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह मार्च 2025 एवं घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों का उल्लघनकर्ता वाहन चालकों व हेल्मटे एवं सीट बेल्ट आदि शीर्ष में प्रभावी कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक छिन्दवाड़ा अजय पांडे के मार्गदशन तथा दिशा निर्देश के क्रम में उप पुलस अधीक्षक रामेरश्वर चौबे यातायात छिन्दवाड़ा के नेतृव में कार्य. रक्षित निरीक्षक राकेश तिवारी थाना प्रभारी थाना यातायात जिला छिन्दवाडा के द्वारा कल 07 मार्च 2025 को छिन्दवाड़ा पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहो पर विशेष यातायात जांच अभियान चलाया।



इस जांच अभियान का मुय उद्देश्य यातायात के नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था। इस अभियान में थानों एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त कायवाही करते हुए हेलमेट न पहनने वाले दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ 96 प्रकरण दर्ज किए गए। उनसे समन शुल्क की राशि के रूप में 28,800/- रूपये, जुर्माना लिया गया।

वाहन चालको दारा सीट बेल्ट न पहनने पर 27 वाहन चालको के समन शुल्क किए गए जिनसे राशि 13,500/- जुर्माना वसूला गया। चालक द्वारा वाहन के दतावेज पेश न करने के कारण 03 पर 1500 रूपये का जुर्माना किया गया। इसी प्रकार वाहनों को असुरक्षित दशा में खड़ा होना पाए जाने पर 03 पर 1500 रूपये का जुर्माना किया गया।

वाहन चालक दारा तेज गति से वाहन चलाना पाए जाने पर 06 वाहनों से 6000 रूपये जुर्माना वसूल किया गया। इसी प्रकार नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा होना पाए जाने के करण 08 पर 4000 रूपये जुर्माना किया गया। दो पहिया वाहनों में तीन सवारी बैठकर वाहन चलाने पर 02 पर 1000 रूपये समन शुल्क की राशि वसूल की गयी।इस प्रकार दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों के दारा यातायात नियमो का उलंघन करते पाये जाने पर कुल 145 वाहनो के ऊपर चालानी कार्यवाही करते हुए 56,300/- रूपये समन शुल्क की राशि वसूल की गई।

यातायात पुलिस का मूल उद्देश्य यातायात नियम का पालन करवाना है उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालानी कायवही करना नहीं है वाहन चालको में यातायात नियमों का महत्व एवं स्वप्रेरणा से नियम पालन करते हुए जागरूक किया गया है। यातायात पुलिस ने जन सामान्य से अपील की है कि वे यातायात नियम का पालन करें और सड़क पर सुरक्षित रहे। यातायात पुलिस ने यह भी घोषणा की है कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।